# 15 राजस्थान की नहरें

1. गंगनहर का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया?
(1) राजसिंह (2) गंगासिंह (3) सार्दुलसिंह (4) कंवरसेन (2)

**व्याख्या–** गंगनहर राजस्थान की प्रथम नहर परियोजना है। इसका पुराना नाम 'बीकानेर नहर' था। यह नहर चूने से बनी नहर है।

2. राजस्थान की वह परियोजना जिसमें केवल 'फव्वारा सिंचाई पद्धति' से ही सिंचाई करने का प्रावधान है?
(1) नर्मदा नहर परियोजना (2) भीखाभाई सागवाड़ा नहर
(3) सिद्धमुख नोहर परियोजना (4) पश्चिमी यमुना नहर (1)

3. इंदिरा गाँधी नहर परियोजना की लिफ्ट नहरों के सम्बन्ध में असंगत युग्म है ?
(1) कोलायत लिफ्ट नहर– जम्भेश्वर लिफ्ट नहर
(2) पोकरण लिफ्ट नहर– जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर
(3) गजनेर लिफ्ट नहर– पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर
(4) नोहर साहबा लिफ्ट नहर– कुम्भाराम लिफ्ट नहर (1)

**व्याख्या–** कोलायत लिफ्ट नहर का नया नाम डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर है।

4. इंदिरा गाँधी नहर परियोजना की सबसे लम्बी लिफ्ट नहर है?
(1) कुम्भाराम लिफ्ट नहर (2) जम्भेश्वर लिफ्ट नहर
(3) कंवरसेन लिफ्ट नहर (4) तेजाजी लिफ्ट नहर (3)

**व्याख्या–** कंवरसेन लिफ्ट नहर– IGNP की सबसे पहले निर्मित लिफ्ट नहर है व सातों लिफ्ट नहरों में सबसे लम्बी लिफ्ट नहर है।

5. राजस्थान नहर का नाम बदलकर क्या व कब रखा गया?
(1) राजस्थान नहर, 1984 में (2) इन्दिरा गाँधी नहर, 1984 में
(3) इन्दिरा गाँधी नहर, 1980 में (4) गंगनहर, 1984 में (2)

**व्याख्या–** 2 नवम्बर, 1984 को राजस्थान नहर का नाम बदलकर इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना कर दिया गया था।

6. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना का श्रीगणेश किसने किया?
(1) महाराजा गंगासिंह (2) डॉ. राधाकृष्ण
(3) गोविन्द वल्लभ पन्त (4) जवाहर लाल नेहरू (2)

**व्याख्या–** 11 अक्टूबर, 1961 को उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्ण ने नोरंगदेसर वितरिका (रावतसर शाखा, हनुमानगढ़) में पानी छोड़कर इसका उद्‌घाटन किया।

7. इंदिरा गाँधी नहर के प्रथम चरण में 'मुख्य नहर' की कितनी लम्बाई का निर्माण हुआ–
(1) 189 किमी. (2) 187 किमी.
(3) 188 किमी. (4) 120 किमी. (1)

8. IGNP को क्या उपनाम दिया गया है?
(1) राजस्थान की मरुगंगा (2) अर्जुन की गंगा
(3) नित्यवाही गंगा (4) भागीरथी गंगा (1)

**व्याख्या–** इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना को राजस्थान की मरुगंगा/ रेगिस्तान की स्वर्ण रेखा/ राजस्थान की जीवनरेखा आदि उपनामों से जाना जाता है।

9. भरतपुर नहर किन दो राज्यों की संयुक्त परियोजना है?
(1) राजस्थान, उत्तरप्रदेश (2) राजस्थान, मध्यप्रदेश
(3) राजस्थान, पंजाब (4) राजस्थान, गुजरात (1)

10. वह जिला जहाँ इन्दिरा गाँधी नहर का पानी नहीं पहुँचा है?
(1) जालौर (2) बाड़मेर
(3) बीकानेर (4) जोधपुर (1)

11. नर्मदा नहर की राजस्थान में लम्बाई है?
(1) 156 किमी. (2) 74 किमी.
(3) 94 किमी. (4) 56 किमी. (2)

**व्याख्या–** नर्मदा नहर की कुल लम्बाई 532 किमी. है, जिसमें से गुजरात में 458 किमी., राजस्थान में 74 किमी. (65 किमी. जालौर, 9 किमी. बाड़मेर) है।

12. राजीव गाँधी सिद्धमुख परियोजना से लाभान्वित होने वाले जिले हैं –
(1) हनुमानगढ़, झुंझुनूं (2) चूरू, झुंझुनूं
(3) हनुमानगढ़, चूरू (4) बीकानेर, चूरू (3)

**व्याख्या–** 1981 में पंजाब, हरियाणा व राजस्थान के मध्य हुए समझौते के तहत राजीव गाँधी सिद्धमुख परियोजना का निर्माण किया गया था। 5 अक्टूबर, 1989 में राजीव गाँधी ने इसका शिलान्यास किया था। इसमें हनुमानगढ़ (भादरा व नोहर तहसील) व चूरू (तारानगर व राजगढ़ तहसील) को सिंचाई सुविधा दी जा रही है।

13. सिंचाई हेतु निकाली गई नहरों में इन्दिरा गाँधी नहर की सबसे लम्बी नहर कौनसी निकाली गई है?
(1) गंधेली साहवा (2) कंवरसेन
(3) वीर तेजाजी (4) करणीसिंह (2)

**व्याख्या–** सिंचाई के लिए निकाली सातों लिफ्ट नहरों में सबसे लम्बी लिफ्ट नहर कंवर सेन लिफ्ट नहर है, जिसकी कुल लम्बाई 151.64 किमी है। ध्यान रहे सहायक नहरों सहित इस परियोजना की सबसे बड़ी लिफ्ट नहर नोहर साहवा लिफ्ट नहर है, जिसकी सहायक नहरों सहित लम्बाई 666 किमी है।

14. 'बीकानेर राज्य में पानी की आवश्यकता' नामक रिपोर्ट किसने तैयार की थी?
(1) गोविन्द वल्लभ पंत (2) कंवर सेन
(3) गंगासिंह (4) सार्दुल सिंह (2)

15. इंदिरा गाँधी नहर निर्माण के प्रथम चरण में किस लिफ्ट नहर का निर्माण किया गया था?
(1) कुम्भाराम लिफ्ट नहर (2) जम्भेश्वर लिफ्ट नहर
(3) कंवरसेन लिफ्ट नहर (4) तेजाजी लिफ्ट नहर (3)

16. अजान बाँध व घना पक्षी विहार को जलापूर्ति किस नहर से होती है?
(1) गुड़गाँव नहर (2) गंगनहर
(3) भरतपुर नहर (4) नर्मदा नहर (1)

17. करणीजी, लालगढ़ व समीजा क्या हैं?
(1) नर्मदा नहर की शाखाएँ
(2) गंगनहर की शाखाएँ
(3) कंवरसेन लिफ्ट नहर की उप शाखाएँ
(4) इंदिरा गाँधी नहर की लिफ्ट नहर (2)

18. नर्मदा परियोजना से राजस्थान का सर्वाधिक लाभान्वित जिला है–
(1) नागौर (2) बाड़मेर
(3) पाली (4) जालौर (4)

19. 'राजस्थान का धान्यागार' कहा जाने वाला क्षेत्र सिंचाई के लिए पानी कहाँ से लेता है–
(1) सिद्धमुख नहर (2) नर्मदा नहर
(3) गुड़गाँव नहर (4) गंग नहर (4)

20. राजस्थान में मरुस्थलीकरण के प्रसार को रोकने के लिए किस नहर के निकट 'हरित पट्टिका' का विकास किया गया है–
(1) नर्मदा नहर (2) भरतपुर नहर
(3) इंदिरा गाँधी नहर (4) गंग नहर (3)

21. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना का शिलान्यास 1958 में किसके द्वारा किया गया–
(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) जवाहर लाल नेहरू
(3) गोविन्द वल्लभ पंत (4) सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन् (3)

22. गंग नहर के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है–
(1) इसका पुराना नाम 'बीकानेर नहर' है।
(2) इसे सतलज नदी का जल प्राप्त होता है।
(3) यह हनुमानगढ़ जिले से राजस्थान में प्रवेश करती है।
(4) 1927 में इसका निर्माण पूर्ण हुआ। (3)

**व्याख्या–** गंग नहर राजस्थान में खक्खा गाँव (गंगानगर) से प्रवेश करती है।

23. गंगनहर की जीर्णशीर्ण हालत को सुधारने व मरम्मत हेतु बाईपास के रूप में वैकल्पिक व्यवस्था हेतु किस नहर का निर्माण किया गया–
(1) सिद्धमुख नहर (2) राजीव गाँधी लिफ्ट नहर
(3) गंगनहर लिंक चैनल (4) चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर (3)

24. नर्मदा नहर राजस्थान में किस गाँव से प्रवेश करती है–
(1) अचलपुर (जालौर) (2) धानोल (जालौर)
(3) करमाला (जालौर) (4) सीलू (जालौर) (4)

**व्याख्या–** नर्मदा नहर राजस्थान में सीलू गाँव, साँचौर तहसील (जालौर) से प्रवेश करती है। 27 मार्च, 2008 को तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा भव्य समारोह में पानी को पहली बार राजस्थान में प्रवाहित किया गया था।

25. गंगानगर जिले की जीवनरेखा कहलाती है–
(1) गंगनहर (2) कंवरसेन लिफ्ट नहर
(3) बांगड़सर लिफ्ट नहर (4) इन्दिरा गाँधी नहर (1)

26. बीकानेर की जीवन रेखा कहलाती है–
(1) फलौदी लिफ्ट नहर (2) कंवरसेन लिफ्ट नहर
(3) बांगड़सर लिफ्ट नहर (4) गजनेर लिफ्ट नहर (2)

27. कोलायत लिफ्ट नहर का परिवर्तित नाम है–
(1) वीर तेजाजी लिफ्ट नहर
(2) पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर
(3) डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर
(4) कंवरसेन लिफ्ट नहर (3)

28. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना का पुराना नाम है–
(1) सरहिन्द नहर (2) राजस्थान नहर
(3) बीकानेर नहर (4) राजपूताना नहर (2)

29. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना में मोहनगढ़ से निकाली गई उप शाखाएँ है–
(1) लीलवा व दीघा (2) लाठी व नाचना
(3) गांधव व भीमगुड़ा (4) भादरेड़ा व पनोरिया (1)

30. सतलज नदी के पानी को लेकर सितम्बर 1920 में तीन रियासतों के मध्य सतलज घाटी समझौता हुआ था, इस समझौते में निम्न में से कौनसी रियासत शामिल नहीं थी–
(1) बीकानेर (2) बहावलपुर
(3) पंजाब (4) जैसलमेर (4)

**व्याख्या–** 4 सितम्बर 1920 को बीकानेर, पंजाब व बहावलपुर रियासतों के बीच सतलज नदी के पानी को लेकर 'सतलज घाटी समझौता' हुआ, इस समझौते के बाद ही महाराजा गंगासिंह ने गंगनहर का निर्माण प्रारम्भ किया।

31. इन्दिरा गाँधी नहर में किस नदी से जल प्राप्त होता है–
(1) रावी व व्यास (2) केवल सतलज
(3) सतलज व व्यास (4) रावी व चिनाब (3)

32. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना की शहीद बीरबलराम शाखा से किस जिले को सिंचाई सुविधा प्राप्त हो रही है–
(1) हनुमानगढ़ (2) बीकानेर
(3) जैसलमेर (4) नागौर (3)

33. जोधपुर शहर को पेयजल आपूर्ति के लिए निकाली गई राजीव गाँधी लिफ्ट नहर का प्रारम्भिक नाम था–
(1) उम्मेदसिंह लिफ्ट नहर (2) कायलाना लिफ्ट नहर
(3) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर (4) जोधपुर लिफ्ट नहर (4)

34. कंवरसेन लिफ्ट नहर का पुराना नाम है?
(1) नोहर साहवा लिफ्ट नहर
(2) कोलायत लिफ्ट नहर
(3) बीकानेर–लूणकरणसर लिफ्ट नहर
(4) पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर (3)

35. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना से पेयजल से लाभान्वित जिलों की संख्या है?
(1) 8 (2) 10
(3) 12 (4) 14 (2)

36. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना की कौनसी शाखा जैसलमेर में सिंचाई नहीं करती है?
(1) सागरमल गोपा शाखा (2) बीरबल राम शाखा
(3) चारणवाला शाखा (4) दंतौर शाखा (4)

37. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना की सबसे छोटी लिफ्ट नहर है?
(1) पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर
(2) चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर
(3) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर
(4) वीर तेजाजी लिफ्ट नहर (4)

38. गंगनहर के बारे में निम्न में से असत्य कथन है?
(1) इसका पुराना नाम 'बीकानेर नहर' है।
(2) यह चूने से बनी नहर है।
(3) इसका निर्माण 1921 से 1927 के मध्य हुआ।
(4) इससे गंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों में सिंचाई होती है। (4)

**व्याख्या–** गंगनहर से केवल गंगानगर जिले में सिंचाई होती है।

39. इंदिरा गाँधी नहर परियोजना के बारे में निम्न में से असत्य कथन है?
(1) इसका पुराना नाम 'राजस्थान नहर' है।
(2) इसकी सभी शाखाओं नहर के दांयी तरफ निकाली गई हैं।
(3) इसकी सभी लिफ्ट नहरें बांयी तरफ निकाली गई हैं।
(4) इस पर 7 लिफ्ट नहरें व 9 शाखाएँ हैं। (2)

**व्याख्या–** इस परियोजना की रावतसर शाखा नहर के बांयी तरफ निकाली गयी है।

40. इंदिरा गाँधी नहर परियोजना के बारे में निम्न में से असत्य कथन है?
(1) इसका निर्माण दो चरणों में हुआ है।
(2) इसके प्रथम चरण का कार्य 1992 में पूर्ण हो गया था।
(3) प्रथम चरण में सूरतगढ़, अनूपगढ़ व पूगल शाखाओं का निर्माण हुआ।
(4) प्रथम चरण में कंवरसेन लिफ्ट नहर व चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहरों का निर्माण हुआ है। (4)

**व्याख्या–** प्रथम चरण में एकमात्र लिफ्ट नहर 'कंवरसेन लिफ्ट नहर' का ही निर्माण हुआ था, शेष 6 लिफ्ट नहरों का निर्माण दूसरे चरण में हुआ है।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication